# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

एम. एस. जे. महाविद्यालय, भरतपुर -321001
Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in
Website – www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2019 / 1916 दिनांक : 25/12/2018

**मुख्य परीक्षा 2019 के परीक्षा फार्म भरने की सूचना**

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से सम्बद्ध भरतपुर एवं धौलपुर जिलों के स्थित महाविद्यालयों में अध्ययनरत एवं समस्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा-2019 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया से वेबसाईट **www.univindia.com** एवं विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** से भरे जाने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता है :-

| क्र. सं. | | पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रूपये 500/- सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) | बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. (पास कोर्स), नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्वछात्र **(पार्ट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय)** | 26.12.2018 से 04.01.2019 | 05.01.2019 से 07.01.2019 |
| 2 | (i) | बी.ए. (ऑनर्स कोर्स) नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्वछात्र, बी.सी.ए. **(पार्ट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय)** | 03.01.2019 से 10.01.2019 | 11.01.2019 से 18.01.2019 |
| | (ii) | समस्त स्नातकोत्तर (प्रीवियस एवं फाईनल - वार्षिक पद्धति) नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्वछात्र | | |
| | (iii) | बी.ए. (एडिशनल) | | |
| 3 | (i) | बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. **(पार्ट प्रथम एवं द्वितीय)** | 13.01.2019 से 20.01.2019 | 21.01.2019 से 25.01.2019 |
| | (ii) | बी.एड. **(पार्ट प्रथम एवं द्वितीय)** | 13.01.2019 से 20.01.2019 | 21.01.2019 से 25.01.2019 |
| | (iii) | पी.जी.डी.सी.ए. (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर), डी.एल.एल., एलएल.एम. (प्रथम सेमेस्टर) | | |

नोट :

1. उक्त अनुसार तिथियों में तिथि से अभिप्रायः प्रातः 12:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11:59 बजे समाप्त होने वाले समय से है।
2. परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए मोबाईल नं. 07427085663 पर सम्पर्क करें।

विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** का अवलोकन करें।

परीक्षा फार्म सावधानी पूर्वक भरें। परीक्षा से सम्बन्धित कतिपय नियम दिशा-निर्देश के परिशिष्ठ-'अ' में देखें। विस्तृत जानकारी के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की हेण्डबुक के सम्बन्धित नियम/परिनियम/आर्डिनेन्स राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर उपलब्ध है, जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप में लागू है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2019 / 1916 दिनांक : 25/12/2018

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :-**

1. **(i)** समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म सही है एवं दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा-निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड आवश्यक रूप से अंकित करें।

   **(ii)** संबंधित महाविद्यालय में जमा होने वाले ऐसे आवेदन पत्र जिनमें राजस्थान शिक्षा बोर्ड/महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से पृथक मार्कशीट/ प्रव्रजन प्रमाण पत्र संलग्न हो, को पृथक से सूचीबद्ध किया जावेगा।

(iii) ... परीक्षा 2019 के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में अन्तिम तिथि के उपरान्त पांच कार्य दिवसों में पूर्ण जाँच करके जमा करावें।

(iv) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों पर आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ-पत्र संबंधित प्राचार्यों द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्रों की सूची के साथ प्रेषित करेंगे।

(v) **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें अन्यथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित कॉलेज ही जिम्मेदार होगा।**

(vi) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म अग्रेषण का शुल्क रू. 8/- प्रति छात्र सम्बन्धित महाविद्यालयों को देय होगा।

(vii) सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन-पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी है। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे – परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किये गये अनिवार्य विषयों के नाम, प्राप्तांको का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते है तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित महाविद्यालय पर जमा करें। **ई-मित्र के द्वारा देय रसीद की फोटोप्रति के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें, छात्र इस रसीद को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखे। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रखें तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाएं आदि संलग्न हों।** उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होगा।

2. वित्त नियंत्रक, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करे कि परीक्षा-2019 हेतु ई-मित्र कियोस्क एवं बैंक पेमेंट गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का भी श्रम करें।

3. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि MOU की शर्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के खाते में T+2 दिवस में जमा होना सुनिश्चित करने का श्रम करें अन्यथा MOU की शर्तानुसार ब्याज राशि 12 प्रतिशत की दर से देनी होगी। सम्बन्धित ई-मित्र कियोस्क को यह भी सुनिश्चित करावे कि एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं हो और ई-मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होना चाहिए।

4. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।

5. निजी सचिव, माननीय कुलपति/कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।

6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव प्रथम एवं द्वितीय/सेलर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।

7. निदेशक, Mediatech Temple, Bharatpur को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

8. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

9. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि बिन्दु संख्या 1 (i) के अनुसार परीक्षा फॉर्म एकत्रित करवाने की व्यवस्था करवायें।

10. जनसम्पर्क अधिकारी, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार भरतपुर एवं धौलपुर जिले में प्रकाशित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं राष्ट्रदूत) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।

11. छात्र कल्याण अधिष्ठाता (DSW), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।

12. Manager, ICICI Bank, IDBI Bank & PNB Bank, Bharatpur

13. रक्षित पत्रावली

परीक्षा नियंत्रक

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर

**अस्थाई कार्यालय - एम. एस. जे. कालेज परिसर, भरतपुर -321001**

Ph. & Fax No. 05644-220560, Email- brijuniversitybtp@gmail.com

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :— मसूबृवि / परीक्षा / 2019 / 1916 दिनांक : 25/12/2018

**विशेष कथन :**

I. इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधीन आने वाले राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के पूर्वछात्र जो राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से परीक्षा-2016/पूर्व वर्षों में स्नातक पार्ट-।।। में अनुतीर्ण घोषित हुए हैं, ऐसे पूर्व परीक्षार्थी/स्वयंपाठी श्रेणी के परीक्षार्थियों की परीक्षा-2019 राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा ही आयोजित होगी।

II. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के आर्डिनेन्स 153 (बी) के तहत 3 साल के अन्तराल में स्नातक पार्ट-।। उत्तीर्ण छात्र यदि अगले तीन वर्ष में स्नातक पार्ट-।।। की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते है तो वे पुनः स्नातक पार्ट द्वितीय की परीक्षा के योग्य होते है। इस श्रेणी के छात्रों की स्नातक पार्ट-।। की परीक्षा-2019 राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा ही आयोजित होगी। किन्तु इस आर्डिनेन्स के तहत स्नातक पार्ट-। के योग्य छात्रों की परीक्षा महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा आयोजित होगी।

III. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के आर्डिनेन्स 169 (ई)(।), 169 (ई)(।।), 169 (डी) एवं 179 के तहत राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) पूर्वछात्र परीक्षा-2016 या इससे पूर्व के छात्रों की परीक्षाएं राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा ही आयोजित की जावेगी।

## अन्य आवश्यक सूचनाएं एवं दिशा-निर्देश

1. **परीक्षा आवेदन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :**

(क) आवेदक वेबसाईट **www.univindia.com** पर जाकर ऑनलाईन फॉर्म भरें।

(ख) **Examination Form** में Basic Details Fill करें। उसके पश्चात् College का चयन करें। इसके बाद Subject/Paper का चयन करे। उसके पश्चात् छात्र अपना Previous Qualification Details and Address Details को fill करें। इसके पश्चात् Photo and Signature Upload करें। इसके बाद **Submit Button** पर क्लिक करें। इसके बाद **Preview Page** खुलेगा। इसमें छात्र अपने द्वारा दी गई जानकारियों को Verify करें। इसके पश्चात् Proceed to Fees Button पर क्लिक करें। इसके बाद छात्र अपनी सुविधानुसार Debit Card/Credit Card/Internet Banking/UPI & ICICI/IDBI/PNB Payment Gateway के माध्यम से भुगतान करने के पश्चात् आवेदन पत्र की हार्डकॉपी का प्रिंट आउट प्राप्त कर परीक्षा फॉर्म पर अंकित सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक Documents के साथ अगले **पॉच कार्यदिवसों** में जमा करावें।

(ग) **नियमित विद्यार्थी ई-मित्रा पर विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क जमा कराने से पूर्व उनके महाविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए वैकल्पिक विषयों का सत्यापन करावें।**

(घ) ई-मित्रा से फॉर्म भरने हेतु छात्र सबसे पहले **SSO Id** से लॉगिन करने के पश्चात् ई-मित्रा Menu में जाकर Utility में जाकर Services में **MSBU Main Examination Form** का चयन करने के पश्चात् उक्तानुसार **Process Follow** करे।

(ङ) निम्न श्रेणी के परीक्षार्थी भी फ्रेश फॉर्म भरेंगे :-

(i) किसी कारणवश विश्वविद्यालय नियमानुसार नियमित/पूर्वछात्र से स्वयंपाठी अथवा स्वयंपाठी से नियमित श्रेणी परिवर्तित कर परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले परीक्षार्थी।

(ii) विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय परिवर्तित कर अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नियमित परीक्षार्थी।

(iii) जो छात्र मुख्य परीक्षा – 2018 में सम्मिलित नहीं हुए थे ऐसे सभी परीक्षार्थी।

(iv) बी.ए. एडिशनल के सभी परीक्षार्थी फ्रेश परीक्षा फॉर्म भरेंगे। ध्यान रहे एक एडिशनल ऐसे विषय का चयन करे जिसका अध्ययन उन्होंने स्नातक उत्तीर्ण परीक्षा में नहीं किया हो।

2. **परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश :-**

A. **परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय में शीतकालीन अवकाश के कारण दिनांक 03.01.2019 से 06.01.2019 तक जमा करावें।**

B. नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी है, वहाँ पर जमा करवायें।

C. पूर्वछात्र परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे। परन्तु ऐसे महाविद्यालय जो बन्द हो चुके है उनके पूर्वछात्र निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म जमा करवायेंगे। सम्बन्धित महाविद्यालय ऐसे छात्रों की पृथक से सूची तैयार करेंगे तथा विलम्ब शुल्क सहित आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि के पश्चात् पॉच कार्य दिवसों तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

D. स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म निर्धारित महाविद्यालय में जमा करायें।

3. **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें अन्यथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होगा।**

नोट :- पूर्व की भाँति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म अग्रेषण का शुल्क 8/- रू. प्रति छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय को देय होगा।

4. परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षार्थियों द्वारा ई-मित्र कियोस्क को देय राशि का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | निर्धारित शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार। |
| 2 | आवेदन पत्र भरवाने का शुल्क जिसमें परीक्षार्थी के हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ स्केन करना भी शामिल होगा। | यदि परीक्षा शुल्क 2000/- तक है तो 30/- रूपये प्रति आवेदन पत्र।<br>यदि परीक्षा शुल्क 2001/- से 10000/- तक है तो 35/- रूपये प्रति आवेदन पत्र।<br>यदि परीक्षा शुल्क 10000/- से ज्यादा है तो 50/- रूपये प्रति आवेदन पत्र। |
| 3 | वेब कैम से फोटो खीचने, यदि आवश्यक हो, का शुल्क। | 5/- रूपये |
| 4 | परीक्षा शुल्क डैबिट/क्रैडिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग के माध्यम से ई-मित्र क्योस्क पर जमा कराना। | 5/- रूपये प्रति संव्यवहार। |
| 5 | अतिरिक्त दस्तावेजों की फोटो-कॉपी, स्केनिंग आदि, यदि आवश्यक हो, का शुल्क | प्रचलित बाजार दर पर। |

5. परीक्षार्थियों द्वारा ई-मित्र कियोस्क के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नकद/बैक ड्राफट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय को मान्य नहीं होगा।

6. ई-मित्र हेल्प लाईन नं. टोल फ्री नम्बर- 1800 180 6127

ई-मित्र आईडी - **ccc.emitra@gmail.com**

Technical Support :-

0141-2221424 helpdesk.emitra@rajasthan.gov.in

0141-2221425 helpdesk1.emitra@rajasthan.gov.in

0141-6450126, 0141-6450109

7. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐंगें।

<u>**नोट :** *परीक्षा-2018 में स्नातक प्रथम वर्ष व स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में उत्तीर्ण छात्र आगामी कक्षा का परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय उन्हीं विषयों का चयन करेंगे, जिनका उन्होंने स्नातक पार्ट-I व स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में किया था। ऐसा नहीं करने पर आवेदन पत्र स्वतः निरस्त कर दिया जावेगा तथा उनका आवेदन शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा। महाविद्यालय भी सही विषय भरा जाना सुनिश्चित करें।*</u>

8. **समस्त परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नही होगा।**

9. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा**

   **A.** स्वयंपाठी/पूर्व/नियमित परीक्षार्थी के फॉर्म में गलती होने पर परीक्षा फॉर्म की दोनों प्रतियों में गलती को लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करायें। परीक्षा फॉर्म में एक गलती पर ₹ 100/- एवं एक से ज्यादा गलती होने पर अधिकतम ₹ 200/- महाविद्यालय में जमा करना होगा। परीक्षार्थी का अगर उसी फॉर्म में दोबारा गलती ठीक करनी पडती है तो ₹ 200/- प्रति गलती एवं एक से अधिक गलती पर अधिकतम ₹ 300/- जमा करने पर सुधार संभव होगा।

   **B.** विश्वविद्यालय में परीक्षा फॅार्म जमा करने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में सुधार करना पडता है तो प्रति गलती ₹ 200/- एवं एक से अधिक गलती पर अधिकतम ₹ 300/- जमा करने पर सुधार संभव होगा।

   **C.** सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्मों की सावधानी पूर्वक जॉच कर लें एवं प्राचार्य गलतियों के लिए जिम्मेदार होंगे। अन्यथा परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती होने पर ₹ 400/- प्रति परीक्षा फॉर्म संशोधन पर सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होगें।

   D. महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से परीक्षा फॉर्म में सुधार से प्राप्त राशि विश्वविद्यालय को जमा करानी होगी। यह राशि बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को देय होगी।

**10.**(i) ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की स्वयं सत्यापित प्रति परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।

   (ii) राजस्थान बोर्ड/ महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के अतिरिक्त किसी अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका संलग्न करें।

**11.**(i) जो छात्र पूर्व में ही इस विश्वविद्यालय में नामांकित है और स्नातक पार्ट- II, पार्ट- III एवं स्नातकोत्तर उतरार्द्ध के लिए आवेदन करते है, उन्हें भी अपनी गत उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

   (ii) ऐसे छात्र जो पूर्व में किसी अन्य विश्वविद्यालय में नामांकित है और जो प्रथम बार महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रविष्ठ हो रहे है, ऐसे समस्त परीक्षार्थियों को इस विश्वविद्यालय में नामांकन कराना अनिवार्य है।

12. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आंवटित करने संबधी सूचना उनके परीक्षा प्रवेश-पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

13. **परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुसार ही भरें।**

14. ऐसे परीक्षार्थी जो ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फार्म संबंधित महाविद्यालय में जमा नही कराते है, उन्हे सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नही दी जाएगी। **शुल्क जमा कराने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क लौटाया नही जायेगा।**

15. समस्त स्नातक (प्रथम वर्ष), स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) श्रेणी बदलकर नियमित /पूर्व छात्र से स्वयंपाठी अथवा स्वयंपाठी से नियमानुसार नियमित परीक्षार्थी के रूप में, स्नातक, स्नातकोत्तर में अंक सुधार हेतु सम्मिलित परीक्षार्थीयों को फ्रेश फॉर्म भरना होगा।

16. परीक्षा 2019 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क, स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क एवं विकास शुल्क निम्नानुसार है :-

**I – स्नातक स्तर (UG) की परीक्षा- 2019 के लिए परीक्षा शुल्क**

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | B.A./B.Sc./B.Com. Part I/II | ₹ 990/- | ₹ 1210/- | ₹ 1760/- |
| 2. | B.A. Hons. Part I | ₹ 1210/- | ₹ 1430/- | - |
| 3. | B.C.A. Part I | ₹ 1430/- | ₹ 1650/- | - |
| 4. | B.A./B.Sc./B.Com.- Part-III | ₹ 1430/- | ₹ 1650/- | ₹ 2310/- |
| 5. | B.A./B.Sc./B.Com. Part-III (Only due papers of Part-I/II/III) | - | ₹ 1650/-+ ₹ 390/- each paper | ₹ 2310/-+ ₹ 390/- each paper |
| 6. | B.A. Additional (only for NC) if already enrolled | - | - | ₹ 2310/- |
| 7. | B.C.A. Part II | ₹ 1430/- | ₹ 1650/- | - |
| 8. | B.C.A. Part III | ₹ 1650/- | ₹ 1870/- | - |
| 9. | B.C.A. Part III (Only due papers of Part-I/II/III) | - | ₹ 1870/-+ ₹ 390/- each paper | - |
| 10. | B.A. Hons. Part II | ₹ 1210/- | ₹ 1430/- | - |
| 11. | B.A. Hons. Part III | ₹ 1650/- | ₹ 1870/- | - |
| 12. | B.A. Hons. Part III (Only due papers of Part-I/II/III) | - | ₹ 1870/-+ ₹ 390/- each paper | - |
| 13. | Physically Challenged Students of Above All Categories | ₹ 340/- | ₹ 410/- | ₹ 620/- |

**II – स्नातकोत्तर स्तर (PG) की परीक्षा- 2019 के लिए परीक्षा शुल्क**

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | M.A./M.Sc./M.Com. (Previous)/ Ord. 169-E(i) | ₹ 1270/- | ₹ 1430/- | ₹ 2090/- |
| 2. | M.A./M.Sc./M.Com. (Final) / Ord. 169-E(i) | ₹ 1600/- | ₹ 1760/- | ₹ 2700/- |
| 3. | M.A./M.Sc./M.Com. (Final) with due papers of Previous/ Ord. 169-E(II) of Univ. of Raj.) | ₹ 1600/-+₹ 390/- each paper | - | ₹ 2700/-+₹ 390/- each paper |
| 4. | M.A./M.Sc./M.Com. with only due papers of Previous/Final/Ord. 169-E(II) of Univ. of Raj.) | - | ₹ 1760/-+₹ 390/- each paper | ₹ 2700/-+₹ 390/- each paper |
| 7. | M.A./M.Sc./M.Com. (under Ord. 179 of Univ. of Raj.) | - | - | ₹ 3740/- |
| 8. | Physically Challenged Students of Above All Categories | ₹ 540/- | ₹ 610/- | ₹ 1050/- |

**III – व्यवसायिक स्तर (Professionel) की परीक्षा-2019 के लिए परीक्षा शुल्क**

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | PGDCA (I Sem/II Sem) | ₹ 1540/- | ₹ 1650/- | - |
| 2. | LL.B. (I/II/III Yr.) | ₹ 2310/- | ₹ 2420/- | - |

| 4. | LL.B. (VI Sem) | ₹ 1540/- | ₹ 1760/- | - |
|---|---|---|---|---|
| 5. | B.A.LL.B. (I Sem) | ₹ 1500/- | ₹ 1800/- | - |
| 6. | D.L.L. | ₹ 1430/- | ₹ 1650/- | - |
| 7. | B.Ed. (I/II Yr.) | ₹ 2310/- | ₹ 2420/- | - |
| 8. | M.Ed. (I/II/III/IV Semester) | ₹ 2310/- | ₹ 2420/- | - |
| 9. | B.A. B.Ed., B.Sc. B.Ed. | ₹ 2310/- | ₹ 2420/- | - |
| 10. | LL.M. (I Sem) | ₹ 2640/- | ₹ 2970/- | - |
| 11. | LL.M. (II Sem) | ₹ 2860/- | ₹ 3190/- | - |
| 12. | M.A. (Drawing & Painting, Home Sc.) Sem. I, II & III | ₹ 1320/- | ₹ 1430/- | - |
| 13. | M.A. (Drawing & Painting, Home Sc.) Sem. IV | ₹ 1650/- | ₹ 1760/- | - |
| 14. | M.A. (Home Sc.) Sem. I, II & III | ₹ 1320/- | ₹ 1430/- | - |
| 15. | M.A. (Home Sc.) Sem. IV | ₹ 1650/- | ₹ 1760/- | - |
| 16. | M.A. (Geography) Sem. I, II & III | ₹ 1320/- | ₹ 1430/- | ₹ 2030/- |
| 17. | M.A. (Geography) Sem. IV | ₹ 1650/- | ₹ 1760/- | ₹ 2640/- |
| 18. | M.A./M.Sc. (Maths) Sem. I, II & III | ₹ 1320/- | ₹ 1430/- | ₹ 2030/- |
| 19. | M.A. (Maths) Sem. IV | ₹ 1650/- | ₹ 1760/- | ₹ 2640/- |
| 20. | Physically Challenged Students of Above Category | ₹ 540/- | ₹ 610/- | ₹ 1050/- |

**IV - Candidate Not Enrolled with the University will have to pay the following**

| S. No. | Enrollment Fee & Eligibility Fee | Fee for session 2018-19 (Regular) | Fee for session 2018-19 (NC) |
|---|---|---|---|
| 1. | Enrollment Fee | 220/- | 220/- |
| 2. | Eligibility Fee (For those candidates who have passed their qualifying exam from other than the Board of sec. Edu. Rajasthan & MSBU, Bharatpur) | 220/- | 220/- |
| 3. | Sports and Development Fee | 50/- | - |
| 4. | Special Development Fee | 30/- | 30/- |

उक्तानुसार परीक्षा शुल्क सारणी में अंकित :

- Enrl. से अभिप्रेत Enrollment Fee है जो ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसका इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार नामांकन होगा।
- Elg. से अभिप्रेत Eligibility Fee है जो ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसने अर्हक परीक्षा (Qualifying Exam) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर/महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से भिन्न किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।

**V – स्नातक एवं स्नातकोत्तर (UG & PG) की प्रायोगिक (Practical )/Due Papers परीक्षा-2019 के लिए पृथक परीक्षा शुल्क**

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा के लिए | ₹ 120/- | ₹ 120/- | ₹ 120/- |
| 2. | ड्यू पेपर | ₹ 390/- Per Due Paper (For all courses) | | |

**VI – स्नातक एवं स्नातकोत्तर (UG & PG) की प्रायोगिक प्रशिक्षण (स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए) परीक्षा-2019 के लिए पृथक शुल्क**

| S. No. | Name of Exam | Non-Collegiate |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक (विज्ञान संकाय) | ₹ 540/- प्रति विषय |
| 2. | स्नातक (कला संकाय) | ₹ 360/- प्रति विषय |
| 3. | स्नातकोत्तर (भूगोल) | ₹ 750/- |

- यह प्रायोगिक परीक्षा शुल्क स्नातक पार्ट-I की प्रारंभिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग (Elementary Computer Application) के लिए लागू नहीं होगा।

• यह प्रायोगिक परीक्षा शुल्क उक्त सारणी (I, II एवं III) से पृथक है।

नोट :-

I. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध मे वरिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जो कि चिकित्सा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा सामान्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

II. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त बिन्दु संख्या-I में वर्णित के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नही लिया जावें।

परीक्षा नियंत्रक

# परिशिष्ठ- 'अ'

**अ - स्नातक परीक्षा हेतु कतिपय नियम :**

**(विस्तृत जानकारी के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की हेण्डबुक के सम्बन्धित नियम/परिनियम/आर्डिनेन्स देखे जा सकते है, जो राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है। जो समान रूप से इस विश्वविद्यालय पर प्रभावी है।)**

1. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के आर्डिनेन्स-176 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार परीक्षा फार्म भरने की तिथि से ठीक 2½ वर्ष पूर्व से भरतपुर व धौलपुर जिले के निवासी ही स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। इस आशय का प्रमाण-पत्र परीक्षा फार्म के साथ देना होगा। उक्त प्रावधान से निम्नलिखित को छूट मिलेगी।
   a) ऐसे सरकारी कर्मचारियों के आश्रित जिनका स्थानान्तरण भरतपुर व धौलपुर जिले में हुआ हो।
   b) ऐसे व्यक्ति जो स्थायी रूप से भरतपुर व धौलपुर जिले में निवास करने लगे हों।
   c) भरतपुर व धौलपुर जिले के मूल निवासी (Bonafide Permanent Resident)।
   d) ऐसे रक्षा बल (Defence Personnel) जो भरतपुर व धौलपुर जिलें में परीक्षा फार्म भरने की दिनांक को पदस्थापित हो।
2. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स - 170-ए (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्वयंपाठी छात्रों के लिए वही पाठ्यक्रम लागू होगा जो नियमित परीक्षार्थियों के लिये लागू है। परन्तु विश्वविद्यालय द्वारा स्कीम में समय - समय पर किया गया संशोधन भी लागू होगा।
3. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स-175 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं है - टैक्सटाईल क्राफ्ट, इन्वेस्टिगेटिव बॉयोटेक्नोलॉजी, शीप एवं वूल, लाइव स्टॉक एण्ड डेयरिंग, टेक्सटाईल, ड्राईंग एण्ड पेंटिंग, फारेस्ट रिसोर्सेज एण्ड देयर यूटीलाईजेशन, रूरल डवलपमेन्ट, सिन्धी, फ्रेन्च, जर्मन, रशियन, फिजीकल एज्यूकेशन, ड्रामेटिक्स, जियोलॉजी एण्ड माइनिंग, एन्थ्रोपॉलोजी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान तथा मॉस कम्यूनिकेशन।
4. स्नातक स्वयंपाठी छात्रों को अनिवार्य विषय सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी तथा नियमित छात्रों को सामान्य हिन्दी,सामान्य अंग्रेजी, प्रारम्भिक कम्प्यूटर तथा पर्यावरण अध्ययन विषय को पाठ्यक्रम की अवधि में उत्तीर्ण करना आवश्यक है।
5. स्नातक स्वयंपाठी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे परीक्षार्थी जो किसी ऐसे वैकल्पिक विषय जिसमें प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है, की परीक्षा में सम्मिलित होते है, तो उन्हें सम्बन्धित विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र से लेना अनिवार्य है। प्रायोगिक प्रशिक्षण का निर्धारित शुल्क का 70 प्रतिशत सम्बन्धित महाविद्यालय में एवं शेष 30 प्रतिशत राशि परीक्षा फॉर्म के साथ विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा तथा प्राप्त प्रमाण-पत्र को प्रायोगिक परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा करवाना होगा अन्यथा वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
6. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 81-I (A) (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्वयपाठी के रूप में पार्ट-। उत्तीर्ण छात्र यदि श्रेणी बदलकर नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देना चाहते है तो उनके लिए पार्ट-। में 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। कॉलेज शिक्षा प्रवेश नीति के अनुसार महिलाओं को 45 प्रतिशत की अनिवार्यता से छूट मिलेगी।
7. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 86-(B)-I तथा आर्डिनेन्स 177 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार विश्वविद्यालय सिंडीकेट/प्रबन्ध मण्डल से समकक्षता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा ऑटोनोमस महाविद्यालय से स्नातक पार्ट-। उत्तीर्ण छात्र पार्ट-।। की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है परन्तु

a) ऐसे छात्र उन्हीं वैकल्पिक विषयों में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिनका चयन पार्ट-। में किया था। ऐसे छात्रों को अनिवार्य विषय सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी से छूट मिलेगी परन्तु अनिवार्य विषय पर्यावरण अध्ययन तथा प्रारम्भिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग पार्ट-। के साथ उत्तीर्ण नहीं किये हो तो उनकी परीक्षा देनी होगी।

b) ऐसे छात्रों की श्रेणी (Division) का निर्धारण पार्ट-।।/।।। में प्राप्तांको के आधार पर होगा तथा उन्हें प्रदान की जाने वाली उपाधि पर इस आशय का अंकन किया जावेगा कि 'छात्र द्वारा इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधीन दो वर्ष तक अध्ययन किया गया है'।

8. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के आर्डिनेन्स - 144 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार नियमित परीक्षार्थियों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

9. स्नातक कला (नियमित/स्वयंपाठी) में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन नही कर सकते है।

10. स्नातक कला (नियमित/स्वयंपाठी) में हिन्दी साहित्य के साथ उर्दू एवं संस्कृत के साथ परशियन का चयन नहीं कर सकते है।

11. स्नातक कला (नियमित/स्वयंपाठी) में पुरूष परीक्षार्थी गृह विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन नहीं कर सकते है।

12. स्नातक में वैकल्पिक विषय के रूप में कम्प्यूटर अनुप्रयोग विषय का चयन नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थी नहीं कर सकते है।

13. स्नातक (नियमित/स्वयंपाठी) परीक्षा में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 153-B (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार पार्ट-। में उत्तीर्ण परीक्षार्थी तीन वर्ष से अधिक अन्तराल के पश्चात् अगली कक्षा पार्ट-।। की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते है। उन्हें पुनः पार्ट-। की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। परन्तु पूर्व में उत्तीर्ण प्रायोगिक विषय की परीक्षा से छूट मिलेगी।

14. **श्रेणी/अंक सुधार** - स्नातक (नियमित/स्वयंपाठी) पार्ट-।/।।/।।। उत्तीर्ण परीक्षार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स-169-ई(i) (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार केवल उत्तीर्ण वर्ष से ठीक अगले वर्ष अंक/श्रेणी सुधार हेतु उन्ही विषयों में तथा उस समय लागू सिलेबस के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। यह ध्यान रखे कि ऐसे परीक्षार्थी को प्रायोगिक विषयों (यदि हो) की परीक्षा भी पुनः देनी होगी।

15. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 193-C(i) (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार स्नातक (नियमित/स्वयंपाठी) में यदि कोई छात्र किसी पेपर की परीक्षा एक प्रयास में उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो छात्र के उस विषय में न्यूनतम अंक ही श्रेणी (Division) निर्धारण हेतु जोडे जावेंगे।

16. विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अनुसार नॉन-कॉमर्स परीक्षार्थियों को बी.कॉम. पार्ट-। में अतिरिक्त अनिवार्य विषय बुक कीपिंग एवं अकाउटेन्सी की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

17. स्नातक ऑनर्स, बी.बी.ए. बी.सी.ए., बी.एड., एम.एड., एलएल.बी. डी.एल.एल. एवं पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम केवल नियमित परीक्षार्थियों के लिए ही लागू है।

18. पूर्वछात्र (Ex-Student) :- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 164 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार ऐसे नियमित परीक्षार्थी जो परीक्षा-2018/पूर्व परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे थे, वे पुनः उसी कक्षा की पूर्वछात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्हें प्रायोगिक विषयों की पुनः परीक्षा देने से छूट मिलेगी। सभी पूर्वछात्रों के परीक्षा फार्म उसी महाविद्यालय में जमा होंगे जहां के वे नियमित परीक्षार्थी रहे थे।

19. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 182 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार परीक्षा शुल्क एक बार जमा होने के पश्चात् लौटाया नहीं जावेगा।

20. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 168-ए एवं बी (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के प्रावधानों के अनुसार छात्र एक वर्ष में **दो डिग्रियों** की परीक्षा नहीं दे सकते है। अन्यथा परीक्षार्थी की दोनों परीक्षाएं निरस्त करने का प्रावधान है।

21. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 169-H (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने/अंकतालिका जारी होने के पश्चात यदि **किसी प्रकार की गलती संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम/अंकतालिका में आवश्यक संशोधन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को है।**

**ब – स्नातकोत्तर परीक्षा हेतु कतिपय नियम :**

22. स्नातक परीक्षा के उपरोक्त बिन्दु संख्या 1, 2, 5, 8, 19, 20 व 21 स्नातकोत्तर परीक्षा में भी लागू होंगे।

23. एम.ए./एम.एससी. (सेमेस्टर) भूगोल तथा गणित विषय में भी छात्र स्वयंपाठी के रूप में परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है। बी.टेक. उत्तीर्ण छात्र एम.ए./एम.एससी.(मैथेमेटिक्स) के लिए आवेदन पत्र नहीं भर सकते।

24. श्रेणी/अंक सुधार हेतु स्नातकोत्तर वार्षिक पद्धति परीक्षार्थियों के लिए प्रावधान :

a) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 169-ई (ii) (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) – स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध (वार्षिक पद्धति – परीक्षा 2018) में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, एक या अधिकतम दो प्रश्न-पत्र (सैद्धान्तिक) में अंक सुधार हेतु आवेदन कर सकते है। प्रायोगिक प्रश्नपत्रों में अंक सुधार की सुविधा नहीं है।

b) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर आर्डिनेन्स 179 (जो महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर पर भी समान रूप में लागू है) के तहत सभी समतुल्य (Equivalent) विश्वविद्यालयों से पिछले वर्षो में एम.ए./एम.कॉम. में उत्तीर्ण विद्यार्थी उन्हीं विषयों में वर्तमान पाठ्यक्रमानुसार इस आर्डिनेन्स के तहत पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के सभी विषयों में एक साथ श्रेणी सुधार हेतु परीक्षा में स्वयंपाठी के रूप में सम्मिलित हो सकते है।

c) एम.ए./एम.एससी. के नियमित परीक्षार्थी को पूर्ण अनुतीर्ण रहने पर पूर्वछात्र के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा ऐसे परीक्षार्थियों को सभी सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में पुनः प्रविष्टि हेतु आवेदन करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक